# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक/अकादमिक/दीक्षांत समारोह/2025/2777 रीवा, दिनांकः– 27-11-25

## अधिसूचना

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,रीवा का 13वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 17.12.2025 दिन बुधवार को आयोजित हो रहा है।

उक्त अवसर पर सत्र 2024–25 के स्नातकोत्तर कक्षाओं में उत्तीर्ण पात्र छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण पदक एवं कुलगुरु स्वर्ण पदक प्रदान किया जायेगा। इन पात्र छात्र/छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.apsurewa.ac.in** पर उपलब्ध होगी ।

01 दिसम्बर 2024 से 07 दिसम्बर 2025 के मध्य डी0लिट/डी0एस–सी0, पी–एच.डी. प्राप्त तथा सत्र 2024–25 में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्राये उपाधि प्राप्त करने हेतु पंजीयन करायेंगे, उन्हें ही उक्त समारोह में उपाधि प्रदान की जायेगी।

दिनांक 14, 15, 16 दिसम्बर 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे कार्यक्रम स्थल पं0 शम्भूनाथ शुक्ल सभागार में दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास होगा, **जो छात्र/छात्रायें पूर्वाभ्यास में शामिल होंगे, उन्हे ही दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक/उपाधि प्रदान की जायेगी।**

**परिधान**

| क्रं. | | छात्र | छात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | **उपाधि धारकों के लिए परिधान** | **सफेद कुर्ता, पायजामा एवं पीली पगड़ी,जैकेट–गोल्डन ब्राउन** | **सफेद कुर्ता, पायजामा अथवा सफेद साड़ी एवं पीली पगड़ी, जैकेट–गोल्डन ब्राउन,** |
| 2 | **पी0–एच0डी0 उपाधि धारकों के लिए** | **उत्तरीय– क्रीम रंग** | |
| 3 | **स्नातकोत्तर उपाधि धारकों के लिए** | **उत्तरीय–लेमन येलो रंग** | |

**नोट–**

1. समस्त उपाधि धारक उत्तरीय एवं पगड़ी हेतु रूपये–500/–(पांच सौ) कॉशनमनी के रूप में नगद जमा कर दीक्षांत समारोह के दिन उक्त परिधान प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम समापन के बाद उत्तरीय एवं पगड़ी विश्वविद्यालय में जमाकर रूपये–500/–(पांच सौ) कॉशनमनी वापस प्राप्त कर सकेंगे।
2. सभी उपाधि धारक आवश्यकतानुसार कुर्ता–पायजामा का एक सेट विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह के दिन स्थापित स्टॉल से रूपये–600/–(छः सौ) में क्रय कर सकेंगे, जो कि वापस नही किया जायेगा।
3. कोई उपाधि धारक अपने साथ मोबाइल फोन, ईयर फोन आदि इलेक्ट्रानिक उपकरण और भोजन इत्यादि सामग्री सभागार में लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे।
4. सभागार में मात्र आमंत्रण –पत्र के साथ प्रवेश दिया जायेगा। सभागार में प्रवेश उपरान्त कार्यक्रम समाप्ति तक बाहर जाना वर्जित होगा।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषितः–**

1 समन्वयक,दीक्षांत समारोह 2025
2 समस्त संयोजक,दीक्षांत समारोह समिति 2025
3. समस्त विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक एवं प्रशासकीय विभाग, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
4. प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय।
5. विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर एप्लीकेशन कृपया उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करे।
6 वित्त नियंत्रक, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
7 परीक्षा नियंत्रक, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
8 सहायक कुलसचिव, गोपनीय विभाग/भण्डार अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
9 सहायक कुलसचिव परीक्षा विभाग, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
10 सहायक कुलसचिव, प्रशासन विभाग, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
11 उपाधि प्रकोष्ठ, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
12 कुलगुरु जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक
13 सम्पादक महोदय............................................................कृपया इसे अपने लोकप्रिय समाचार –पत्र में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
14 नोडल अधिकारी एम.पी.आनलाइन ।
15 अनुभाग अधिकारी।
16 सम्बन्धित नस्ती।

उप कुलसचिव (अका.)